# हरिवंश सिंह स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में अतिथियों ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

बड़हलगंज (गोरखपुर)। मकरंदपुर गांव में स्वर्गीय हरिवंश सिंह की स्मृति में आयोजित कैनवास बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियां पहुंचीं। प्रतियोगिता के पहले मैच में भाजपा नेता अष्टभुजा शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्वर्गीय हरिवंश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। आयोजक मंडल ने माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान अष्टभुजा शुक्ला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। खेल से अनुशासन,





आपसी भाईचारे और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दूसरे मैच में मानव सेवा संस्थान के संस्थापक एवं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के युवा मंच के राष्ट्रीय प्रभारी शिखर गुप्ता, तीसरे मैच में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेमनाथ यादव,चौथे मैच में भाजपा नेता प्रशांत साही मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभी अतिथियों ने स्वर्गीय हरिवंश सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रधानाचार्य डॉ.रिजवाना जमाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत की ओर से अतिथियों को माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि नौ नवंबर से शुरू हुई यह प्रतियोगिता 13 नवंबर तक चलेगी।

इसमें चिल्हूपार विधान सभा क्षेत्र के 16 गांवों की टीमें प्रति भाग कर रही हैं। अब तक कई रोमांचक मुकाबले खेले जा चुके हैं। 12 और 13 नवंबर को शेष मुकाबले होंगे। जिसके बाद प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ ही युवाओं में खेल भावना और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता को लेकर क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। आयोजक जितेन्द्र सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## महिला के घर में घुसकर छेड़खानी और मारपीट की धमकी देने का आरोप,मुकदमा दर्ज

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के झरकटा गांव में एक महिला ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी करने और विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बीते शाम करीब सात बजे वह अपने घर के अंदर ओसारे में आग ताप रही थीं। इसी दौरान बृजेश पुत्र चन्द्रिका हरिजन उनके घर में घुस आया और उनके साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के शोर मचाने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। घटना के बाद महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई।

पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी बृजेश के खिलाफ बुधवार की शाम को बीएन एस की धारा 333, 74, 352 और 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। थाना प्रभारी सीपी पांडेय के अनुसार, मामले में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तीन नामजद तथा दो अज्ञात पर हत्या के प्रयास,बलवा,मारपीट का केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के डिहवा बोकटा निवासी एक पिकअप स्वामी अपना पिक अप गीडा में मरम्मत करा रहा था। उसी दौरान जुगाड़ ठेला चालक से बहस के दौरान मनबढ़ों ने उसे मारपीट कर अधमरा कर दिया था। पीड़ित की बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार डिहवा निवासी कृष्णा निषाद मंगलवार को 12:30 बजे गीडा में अपनी पिकअप मरम्मत करा रहा था। उसी दौरान जुगाड़ ठेला चालक जो कालेसर का निवासी है, उससे बाइक में टक्कर की बात को लेकर बहस हो गई। उसने अपने लड़के को बुला लिया और सभी मिलकर उसे बुरी तरह मारपीट कर अधमरा

**◆पीड़ित के बहन की तहरीर पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज**

कर दिया। पीड़ित की बहन साधना निषाद की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी भगवानदास, संतोष, लवकुश, विमला तथा दो अज्ञात पर हत्या के प्रयास, बलवा, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## उर्दू भाषा ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान बनाई-महबूब सईद 'हारिस'

गोरखपुर। अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के अवसर पर साजिद अली मेमोरियल कमेटी के तत्वाधान में विश्व-विख्यात शायर डा. मुहम्मद इक़बाल की जयंती पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महानगर के मोहल्ला घासी कटरा स्थित हामिद अली हाल में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उर्दू के प्रमुख साहित्यकार मुहम्मद हामिद अली 'क़मर गोरखपुरी' की जीवनी एवं साहित्यिक सेवाओं पर आधारित एक स्मारिका का विमोचन किया गया तथा महानगर के उर्दू अध्यापकों को 'मुहम्मद हामिद अली फ़रोग़-ए-उर्दू अवार्ड 2026' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता उर्दू अकादमी लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष जनाब चौधरी कैफ़ुलवरा ने किया,



मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात शायर डॉ.कलीम कैसर एवं जव्वाद अली शाह पी.जी गर्ल्स कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ.रिजवाना जमाल उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत करते हुए साजिद अली मेमोरियल कमेटी के सचिव महबूब सईद 'हारिस' ने बताया कि देश और विदेश में उर्दू बोलने और समझने वालों की बहुत बड़ी संख्या आज भी मौजूद है और दुनिया के कोने कोने में उर्दू के हवाले सेमिनार, मुशायरे और

**◆साहित्यकार मो. हामिद अली क़मर गोरखपुरी के साहित्यिक जीवन पर स्मारिका का विमोचन**

कॉन्फ्रेंसों का आयोजन इस बात का सबूत है कि उर्दू दिन-ब-दिन तरक़्क़ी कर रही है। हमारी कमी यह है कि हम ना तो उर्दू के अख़बार ख़रीदते हैं और ना ही उर्दू के रेसालों को ख़रीदते हैं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष चौधरी कैफ़ुलवरा ने बताया कि भले ही आज के दौर में उर्दू भाषा को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन राज्य स्तर पर इसे बढ़ावा देने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। संचालन कर रहे मोहम्मद फ़र्रुख़ जमाल ने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को उर्दू पढ़ना, बोलना ज़रूर सिखाएं। प्रसिद शायर और लेखक डॉ.कलीम कैसर ने कहा कि दुनिया भर में उर्दू बोलने वाले लोग चाहे वे कहीं भी रहते हों, 'उर्दू दिवस' को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। देश के सभी धर्म के लेखकों और कवियों ने उर्दू भाषा के विकास में योगदान दिया। स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट अब्दुल रशीद ने कहा इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम ऐसी भाषा से जुड़े हैं। जिसके शब्द सुनते ही लोगों के दिल में ख़ुशी मिलती है।

इस मौके पर मो. इफ़राहीम, ऐहतशाम सिद्दीक़ी, आसिफ सईद, मुफ्ती मतीउर्रहमान क़ासमी ,अब्दुल रशीद, डा.एहसान अहमद, डॉ मोहम्मद अशरफ, क़ाज़ी कलीम उल हक़, डॉ दरख़्शां ताजवर,डॉ तरन्नुम हसन,डॉ सलमा बानो,डॉ ज़ेबा खातून, मसरूर जमाल, इं.रफी अहमद, सलाम एडवोकेट, गुफ़रान कदर, सैयद वलीउल इक़बाल, अनवर ज़िया, मो. उममैस आदि समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गाली देने का विरोध करने पर परिवार पर हमला

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के नारायणपुर बुजुर्ग गांव में दीपावली की शाम बेटी को गाली देने का विरोध करने पर कुछ लोगो के द्वारा एक परिवार के साथ मारपीट किया गया। आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने महिला, उसके पति और बेटे पर लाठी-डंडों तथा ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। मारपीट में परिवार के कई लोग घायल हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार पूनम देवी पत्नी सुनील प्रसाद निवासी नारायणपुर बुजुर्ग ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनकी बेटी अस्मिता

**◆ महिला समेत कई घायल,आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज**

कुमारी शाम करीब सात बजे दीपावली के अवसर पर दूसरे घर दीपक जलाने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में गांव के ही विक्रम पुत्र रामकुमार ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। बेटी की आवाज सुनकर उसके पिता सुनील प्रसाद मौके पर पहुंचे तो विक्रम, भानु, राम भवन, सुदर्शन, उमेश, जुगनू, राजन और प्रवीण समेत अन्य लोग एकजुट होकर मेरे साथ पति सुनील प्रसाद व बेटे अनिकेत के साथ गाली-गलौज करते हुए लात-मुक्कों तथा लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों के साथ भी मारपीट किया गया। हमले में कई लोगों को चोटें आई हैं। हम लोग घर पहुंचे तो आरोपितों ने दरवाजे पर पहुंचकर ईंट-पत्थर चलाए और फरसे से जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इससे पहले भी आरोपित कई बार परिवार के साथ मारपीट कर चुके हैं। इस संबंध में कोतवाल गोला सीपी पाण्डेय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 115(2), 352, 351 (3) और 125 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## चोरी की फर्जी कहानी से पुलिस हलकान,जांच में खुली पोल

सहजनवां (गोरखपुर)। पुरानी रंजिश में दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए चोरी की ऐसी कहानी गढ़ी गई कि पुलिस भी हलकान हो गई। घर का सामान खुद ही बिखेरकर चोरी की सूचना दे दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो चोरी की कहानी फर्जी निकली।

शुरुआती जांच में पूरा मामला मारपीट के पुराने विवाद में पेशबंदी का सामने आया है। **दीवाली पर मारपीट के बाद रची गई साजिश** मामला सहजनवां थाना क्षेत्र के सेहुड़ा गांव का है। बीते 8 नवंबर की रात दरवाजे पर पटाखा फोड़ने से मना करने पर कुछ मनबढ़ों ने एक बुजुर्ग पर लाठी-डंडे और पंच से हमला कर दिया था। मारपीट में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश

**◆पुराने विवाद में फंसाने की साजिश, घर का सामान बिखेरकर दी चोरी की सूचना**

हो गए थे। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। घटना के बाद घायल बुजुर्ग के भाई राकेश मणि त्रिपाठी की तहरीर पर पुलिस ने सुरेंद्र साहनी, सुजीत साहनी, जासमती, आसमती समेत तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी बीच बुधवार सुबह आरोपित पक्ष के परिजनों ने घर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच-पड़ताल की तो चोरी जैसी कोई बात सामने नहीं आई।

शुरुआती जांच में मामला पुराने विवाद में दूसरे पक्ष को फंसाने के लिए रची गई साजिश का निकला। इस संदर्भ में चौकी इंचार्ज समधियाँ प्रीतेश तिवारी ने कहा कि बुधवार सुबह विवाद से जुड़े आरोपित पक्ष के परिजनों ने चोरी की सूचना दी थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की तो चोरी की घटना फर्जी पाई गई।

## मनबढ़ों ने दंपति पर फेंका पटाखा,मना करने पर मारा-पीटा,मुकदमा दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के इंद्राचक नौसढ़ निवासी एक दंपति के ऊपर मनबढ़ों ने जलता पटाखा फेंक दिया। जिसका दंपति ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इंद्राचक नौसढ़ निवासी विकास निषाद पुत्र रामानंद निषाद 8 नवंबर को शाम 6 बजे अपनी पत्नी के साथ घर पर दीपावली का त्योहार मना रहे थे। इसी दौरान मनबढ़ों ने दंपति के ऊपर जलता पटाखा फेंक दिया। जिसको देखकर मना किया तो आरोपी घर में घुस गए और दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाव करने पहुंचे राम वचन निषाद को भी मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कोलाहल निषाद, आर्यन, विक्रम व नाटे के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## छठ पर्व को लेकर पुलिस अलर्ट,किया घाटों का निरीक्षण

सहजनवां (गोरखपुर)। लोक आस्था के महापर्व छठ को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बुधवार को पिपरौली चौकी इंचार्ज अमरेश कुमार सिंह ने रासी नदी के किनारे गहासाड़ और कालेसर में मनाए जाने वाले छठ पूजा के घाटों का निरीक्षण किया। घाटों पर पहुंचकर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था के बारे में चेयरमैन प्रतिनिधि हिमांशु सिंह से वार्ता की। इसके अलावा बैरिकेटिंग और श्रद्धालुओं की सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही घाट तक पहुंचने वाले संपर्क मार्गों, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, प्रवेश और निकास मार्गों पर सीसी टीवी कैमरों की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने जिम्मेदारों को निर्देश दिए कि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान अनेक पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया

गुलरिहा (गोरखपुर)। गुलरिहा में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने 19 वर्षीय प्रदीप यादव को गिरफ्तार किया। उसे 10 नवंबर को शाम करीब 7 बजे टिकरिया जंगल के पास पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी के खिलाफ गुलरिहा थाने में केस दर्ज है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(1), 333 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 लगाई गई है। शुरुआती शिकायत में धारा 64(1) का जिक्र था, जिसे बाद में धारा 65(1) में बदला गया। शिकायत के अनुसार, घटना 9 नवंबर को रात करीब 3 बजे हुई। आरोपी पर घर में घुसकर एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। गुलरिहा इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पाल ने बताया कि आरोपी के पास से कुछ बरामद नहीं हुआ। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तारी टीम में अपराध निरीक्षक राजमन यादव,कां. रामदेव यादव व विपिन यादव शामिल थे।

## मार-पीट में युवक का दांत तोड़ने के आरोप में केस दर्ज

भटहट (गोरखपुर)। गुलरिहा थाना क्षेत्र में इस्लामपुर में मार-पीट कर युवक को घायल कर दिया। इस दौरान युवक का दांत टूट गया। डायल 112 की सूचना पर स्थानीय पुलिस पहुंची। थाने बुला कर चली गई। पीड़ित ने सोमवार को थाने पर तहरीर दी। पुलिस तीन नामजद और कुछ अज्ञात पर एससी-एसटी और बीएनएस की गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुटी है। ग्राम पंचायत इस्लामपुर निवासी अवनीश कुमार के मुताबिक 8 नवंबर की रात 10 बजे गांव में धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने एवं पूजा पाठ करने गया था। इस दौरान हमारे गांव के रहने वाले गौतम, गणेश एवं सूरज राजभर एकजुट होकर को गाली गलौज देने लगे। मैं और मेरे भाई सोमनाथ जब इसका विरोध किए तो उक्त सभी लोग मेरे साथ मारपीट करने लगे तथा मेरे भाई सोमनाथ को भी बुरी तरह से मारा पीटा और जाति सूचक शब्द का प्रयोग करके गाली गुप्ता देने लगे। मेरे भाई सोमनाथ का उक्त मारपीट में चोटें आई हैं। मेरे नाक एवं मुंह से खून आने लगा दांत टूट गया। जिससे गंभीर

**◆घायल की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद और कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया**

रूप से घायल हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस गौतम, गणेश एवं सूरज राजभर और कुछ अज्ञात के खिलाफ धारा 115(2) 117 (2)352, 3(5) बीएनएस और 3(1) (द),3(1) (घ) एससी - एसटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इस संबंध थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद पाल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### खाना बनाते समय गैस रिसाव से झुलसी विवाहिता की इलाज के दौरान मौत

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रघुनाथपुर टोला रानीपुर निवासी छोटू चौहान की पत्नी सनम चौहान उम्र करीब 28 वर्ष बीते 3 नवंबर को शाम सात बजे के करीब खाना बना रही थी कि अचानक गैस सिलेंडर में रिसाव होने लगा जिससे आग लग गई और सनम चौहान पत्नी छोटू चौहान आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई थी। पत्नी को जलता देख चिल्लाने की आवाज सुनकर पति छोटू चौहान आग बुझाते समय झुलस गया था, दोनों का इलाज बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में चल रहा था कि मंगलवार को देर रात पत्नी सनम चौहान की मौत हो गई। मृतक सनम चौहान को एक बच्ची है।

## डीजे की आवाज कम कराने को कहा तो दो युवकों को पीटा,कई घायल

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला थाना क्षेत्र के कोटिया नायक गांव में दीपावली की रात डीजे की तेज आवाज कम कराने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि डीजे की आवाज कम करने की बात कहने पर कुछ लोगों ने एकजुट होकर दो युवकों को लाठी-डंडे और पंच से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोटिया नायक गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार गौड़ पुत्र राममुकुट गौड़ ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनके पड़ोस में नन्दलाल यादव

**◆लाठी-डंडे और पंच से हमला करने का आरोप,जान से मारने की दी धमकी**

पुत्र जय प्रकाश यादव ने मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की थी। रात को तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था। घर में बुजुर्गों के होने के कारण उन्होंने कई बार डीजे की आवाज कम करने का अनुरोध किया। इसी बात को लेकर राहुल यादव व मोहन यादव पुत्रगण सुखराम यादव, नारायण यादव पुत्र ओमप्रकाश यादव, निलेश यादव पुत्र रामसिंगार यादव, मंनेश यादव पुत्र इंद्रजीत यादव,नीरज यादव पुत्र चंद्र भूषण यादव सहित अन्य लोग एकजुट हो गए। आरोप है कि सभी लोगों ने मिलकर उनके भतीजे प्रज्वल गौड़ पुत्र स्वर्गीय प्रवीण गौड़ और शिवम गौड़ पुत्र जितेंद्र गौड़ को लात-मुक्कों, लाठी-डंडों और पंच से मारना-पीटना शुरू कर दिया।

हमले में दोनों युवकों को काफी चोटें आईं। आरोपितों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल गोला सीपी पाण्डेय ने बताया कि सभी छः आरोपितों के खिलाफ बीएनएस की धारा191 (2),115 (2), 352, 351 (3) में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## डीजे बजाने की बात को लेकर दो पक्ष भिड़े

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के डोमहर माफी गांव में डीजे बजाने की बात को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल 11 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पहले पक्ष के डोमहर माफी निवासी गजेंद्र पुत्र स्व. लालचंद 8 नवंबर की रात्रि में 11:30 बजे घर पर सोया था। बगल में डीजे की आवाज आ रही थी। डीजे की तेज आवाज से नींद खुल गई। लघुशंका करने के लिए घर से बाहर गया। डीजे की आवाज कम करने को कहा तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से मारकर सिर फोड़ दिया। बचाव करने पहुंची बहन मैना देवी, नीतू को भी मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी ममता, कविता, उषा, सुमेर, मनीष, अरविंद,

**◆11 पर मुकदमा दर्ज**

राकेश के खिलाफ बलवा, मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की उषा पत्नी सुमेर ने आरोप लगाया कि 8 नवंबर को रात्रि में 10 बजे पुरानी रंजिश को लेकर पीड़िता, पति व बेटी को लाठी-डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गजेंद्र, चन्द्रजोत, सिंधु व नीतू के खिलाफ मार पीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

### बाइकों की टक्कर में दो व्यक्ति घायल

बड़हलगंज (गोरखपुर)। कस्बे में कॉलेज रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गये। दोनों घायलों का बड़हलगंज स्थित प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक सोमवार की रात 9:45 बजे कस्बा निवासी 35 वर्षीय अर्जुन वर्मा बाइक से कस्बे से कॉलेज रोड होते हुए पटना चौराहे की तरफ जा रहा था। जबकि दूसरी तरफ कल्याणपुर गांव निवासी 22 वर्षीय पवन यादव बाइक से कस्बे की तरफ आ रहा था इस बीच कॉलेज रोड पर यूको बैंक के पास दोनों बाइकों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई जिसमें दोनों बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर से जहां पवन यादव का बाया पैर टूट गया तो वहीं अर्जुन वर्मा के सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के लोगो की सूचना पर पहुंचे परिजन दोनों को बड़हलगंज स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले गए जहां उनका इलाज जारी है।

## हल्का लेखपाल पर नियमों के विपरीत अपात्र को आवासीय पट्टा देने का आरोप

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुआवल कला की ग्राम प्रशासक सुखना ने आईजीआरएस तथा तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि हल्का लेखपाल ने बिना भूमि प्रबंधन समिति के अनुमोदन के ग्राम सभा की नवीन परती की जमीन पर दो व्यक्तियों को आवासीय पट्टा कर दिया है, जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने उसे निरस्त करने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने दिए शिकायत पत्र में कहा है कि अपने ग्राम सभा में सड़क बनवाने के लिए ग्राम सभा की नवीन परती जमीन में काबिज कुछ लोगों को हटाने के लिए एसडीएम न्यायालय में केस किया था।

उसी सिलसिले में हल्का लेखपाल ने जांच के दौरान दो लोगों को आवासीय पट्टा कर दिया। जबकि भूमि प्रबंधन समिति की कोई बैठक नहीं हुई और न ही कोई प्रस्ताव पास हुआ। हल्का लेखपाल ने ग्राम प्रशासक को कोई जानकारी नहीं दी। यह मनमानी तरीके से हुआ है। ग्राम प्रधान ने कहा कि जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में हल्का लेखपाल आए

**◆लेखपाल ने कहा सब नियमानुसार है**

थे और बिना भूमि प्रबंधन समिति के अनुमोदन के दो व्यक्तियों को आवासीय पट्टा कर दिया। जबकि वे लोग नियम के हिसाब से पात्र नहीं हैं। वहीं हल्का लेखपाल रितेश मल्ल ने कहा कि एसडीएम न्यायालय सहजनवां से रिपोर्ट मांगी गई थी। मौके पर मकान बना पाया गया, उसकी रिपोर्ट लगा दी है। मैंने कोई पट्टा नहीं किया है, बंदोबस्त (सेटलमेंट) किया गया है।

## मर्चेंट नेवी को लेकर जागरूकता सेमिनार

बड़हलगंज (गोरखपुर)। क्षेत्र के भगवती भवन में कैप्टन पाण्डेय'स मेंटरिंग एकेडमी की ओर से मर्चेंट नेवी को एक सुनहरे और सम्मान जनक करियर के रूप में स्थापित करने तथा युवाओं को इसके प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को 12वीं के बाद मर्चेंट नेवी में करियर बनाने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। सेमिनार में एकेडमी के संस्थापक कैप्टन कुबेर नाथ पाण्डेय ने अपने 20 वर्षों से अधिक के समुद्री अनुभव साझा करते हुए बताया कि मर्चेंट नेवी में डेक, इंजन और जीपी रेटिंग सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के माध्यम से युवा बेहतर भविष्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सफलता के लिए अनुशासन, अंग्रेजी भाषा पर अच्छी पकड़ और शारीरिक फिटनेस बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन के साथ लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने की सलाह दी। प्रवक्ता अनुपमा पाण्डेय ने बताया कि एकेडमी का उद्देश्य



विद्यार्थियों को समुद्री क्षेत्र में बेहतर करियर के अवसरों से जोड़ना और उन्हें सही मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। एकेडमी बड़हलगंज के कॉलेज मार्केट में मेन रोड स्थित एचडीएफसी बैंक के पास संचालित है। इस दौरान एकेडमी के कैलेंडर-2027 का भी विमोचन किया गया। कैलेंडर में वर्षभर की तिथियों के साथ एकेडमी के पाठ्यक्रमों, आई एमयू -सीईटी की तैयारी, स्पॉन्सर शिप टेस्ट एवं इंटरव्यू, अंग्रेजी संवाद कौशल, ग्रुप डिस्कशन और करियर काउंसलिंग से संबंधित जानकारियां दी गई हैं। कार्यक्रम में एकेडमी के सह-संस्थापक चीफ ऑफिसर अमरनाथ पाण्डेय ने भी विद्यार्थियों को समुद्री क्षेत्र में उपलब्ध करियर की संभावनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रवक्ता जिया

**◆कैप्टन पाण्डेय'स मेंटरिंग एकेडमी के कैलेंडर -2027 का विमोचन**

पाण्डेय, अनुपम पाण्डेय एवं पूजा पाण्डेय के साथ युगल किशोर पाण्डेय, मयंक तिवारी , डॉ. प्रशांत सिंह, विनय पाण्डेय, जुगनू जा. सहित अन्य छात्र छात्राएँ व अभिभावकों गण मौजूद रहे।

### किशोरी का अपहरण,युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

हरपुर-बुदहट (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने जिला संतकबीरनगर थाना महुली के ग्राम पंचायत बरी निवासी नागेन्द्र गौड़ पुत्र राम मिलन गौड़ के खिलाफ बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश में जुटी हुई है।थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 7 नवंबर को शाम सात बजे के करीब गांव में स्थित मंदिर के पास से हमारी 15 वर्षीय लड़की को जिला संतकबीरनगर थाना महुली के ग्राम पंचायत बरी निवासी नागेन्द्र गौड़ पुत्र राम मिलन गौड़ ने बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। हम स्वजनों ने काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता सुराग नहीं लगा। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार पाठक ने बताया कि किशोरी की मां की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## छठ पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट,एसडीएम और ईओ ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

रुद्रपुर (देवरिया)। छठ महापर्व को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी (SDM) एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (EO) ने रुद्रपुर नगर क्षेत्र के सभी छठ घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटों की स्थिति का जायजा लिया गया। छठ पूजा को लेकर आवश्यक व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया, ताकि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासनिक अधिकारियों ने छठ पर्व की तैयारियों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।